तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 30 मार्च 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 आईजी ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी, दरबार लगाकर जवानों की समस्या का किया निदान



## खबर संक्षेप

### लायंस इंटरनेशनल की रीजन कॉन्फ्रेंस का आयोजन कल

**कटघोरा।** समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233सी रीजन डेजी की रीजन कॉन्फ्रेंस लक्ष्य 31 मार्च को शाम 4 बजे से होटल ब्लू डायमंड में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ सरोज पाण्डेय, गेस्ट ऑफ ऑनर केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, ईनागुरल गेस्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल, कीनोट स्पीकर द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, अध्यक्षता रीजन चैयरमेन लायन पवन शर्मा, विशिष्ट अतिथि पास्ट मल्टीपल कॉउंसिल चैयरमेन एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन राजेन्द्र तिवारी पास्ट मल्टीपल कॉउंसिल वाइस चैयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ राजकुमार अग्रवाल, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन बसंत मिश्रा, डॉ एसके अग्रवाल, एमजेएफ लायन एमडी माखीजा एवं विभिन्न बैंकों के प्रमुख एसपी अग्रवाल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अरुण मिश्रा एक्सिस बैंक, आदित्य मिश्रा बैंक ऑफ ईडिया एवं हेमंत कुमार साहू यूनियन बैंक शामिल होंगे।

### रेलवे कॉलोनी में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन आज से

**कोरबा।** सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन के सामने श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से प्रारम्भ हो रही है। प्रातः काल शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जायेगी जो कि सप्तदेव मन्दिर से होते हुए राम मन्दिर से वापस कथा स्थल तक पहुचेंगी। जहां प्रथम दिवस की कथा जिसमें भगवत कथा की महत्ता को व्यासपीठ से पंडित कृष्ण कुमार द्विवेदी स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादर खुर्द वाले के द्वारा बतलाई जायेगी। यह कथा साप्ताहिक चलेगी जो प्रतिदिन चलने वाली यह कथा में अलग अलग कथा प्रसंग को भक्तजनो को विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से बतलाया जाएगा। जिसमे मुख्य आचार्य पण्डित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी रहेंगें। सह आचार्य पण्डित प्रकाश द्विवेदी एवं मनोज कुमार पाण्डेय रहेंगें।

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आज

**कोरबा।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का होली मिलन समारोह एवं विशेष चिकित्सक सम्मेलन 30 मार्च को 12 बजे से होटल टॉप इन टाउन कोसाबाड़ी निहारिका में आयोजित है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के कोरबा जिलाध्यक्ष डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने अपने आसपास के सभी आयुष चिकित्सकों को इस होली मिलन समारोह एवं विशेष चिकित्सक सम्मेलन की सूचना देने तथा सभी आयुष चिकित्सकों को इस होली मिलन समारोह एवं विशेष चिकित्सक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिले की महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन 31 को

**कोरबा।** छग राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार राज्य की महिला टीम के गठन हेतु ईस्ट जोन के खिलाड़ियों मुख्य चयन बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में आगामी 7 अप्रैल को किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिले की महिला टीम का गठन हेतु 23 मार्च को सलेक्शन ट्रॉयल आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों को तीन आयु वर्ग में रखा गया है। वहीं सभी खिलाड़ियों को अपने साथ अंतिम 6 वर्षों की शैक्षणिक अंक सूची, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की रंगीन छायाप्रति 2 सेट सहित आवश्यक प्रतिस्पर्धा शुल्क लिया गया। सिलेक्शन ट्रॉयल का आयोजन पर्यवेक्षक जीत सिंह की उपस्थिति व मुख्य चयनकर्ता करतार सिंह विशाल दुबे, अनिल प्रजापति की मौजूदगी में 31 मार्च को एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप मैदान में सुबह 8.30 बजे से किया जाएगा।

# महिला बाल विकास विभाग में दो अधिकारी, असमंजस में कर्मचारी

## राज्य शासन के स्थानांतरण से बनी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग में दो अधिकारियों के पदस्थ रहने से विभाग के कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका असमंजस की स्थिति में हैं। नव पदस्थ अधिकारी ने जहां शासन के आदेश पर अपना प्रभार ले लिया है तो वहीं पूर्व पदस्थ अधिकारी को कोर्ट से स्टे मिल चुका है। ऐसी स्थिति में अब महिला बाल विकास विभाग के दो कार्यक्रम अधिकारी मौजूद हैं।

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिकारी-कर्मचारियों का बीते माह फरवरी एवं आचार संहिता लगने के पूर्व बड़ी संख्या में तबादला किया था। तबादले के इस दौर में कोरबा जिला भी प्रभावित रहा। एडीएम से लेकर एसडीएम तक के अधिकारी बदल दिए गए। वहीं अन्य विभागों के अधिकारियों का भी तबादला किया गया। इनमें वर्तमान में सबसे ज्यादा चर्चा में महिला बाल विकास विभाग बना हुआ है। यहां विभाग में कार्यक्रम अधिकारी के पद पर पदस्थ रहीं प्रीति खोखर चखियार का स्थानांतरण राज्य शासन ने बीजापुर कर दिया था, तो वहीं जशपुर जिले में कार्यक्रम अधिकारी रहीं रेणु प्रकाश का तबादला जशपुर से कोरबा किया गया था। शासन के आदेश पर रेणु प्रकाश ने कोरबा पहुंचकर अपना एकतरफा प्रभार लेते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति भी दर्ज करा दी। इसी तरह पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार का स्थानांतरण होते ही कलेक्टर के द्वारा कार्यमुक्त कर दिया गया। इस बीच कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती चखियार को कोर्ट से स्टे मिल गया। स्टे मिलते ही श्रीमती चखियार ने दफ्तर में अपनी उपस्थिति भी दर्ज करा दी, किंतु उन्हें प्रभार नहीं मिला है और विभाग में दो कार्यक्रम अधिकारी होने से विभागीय कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अब तक इस स्थिति को लेकर विभाग में कोई भी स्पष्ट दिशा निर्देश शासन-प्रशासन स्तर से नहीं मिले हैं। एक अधिकारी शासन के आदेश पर पदस्थ हैं तो दूसरे को कोर्ट से स्टे मिल गया है। यहां यह बताना आवश्यक होगा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने तीन साल से जमे अधिकारियों के स्थानांतरण के निर्देश दिए थे। इसके तहत अधिकारियों का तबादला हुआ था। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती चखियार बीते एक वर्ष से ही जिले में पदस्थ है।

**खास बातें**

- नवपदस्थ अधिकारी ने लिया पदभार
- पूर्व अधिकारी को कोर्ट से मिला स्टे



## 47 करोड़ के लक्ष्य में 28 करोड़ की हुई राजस्व आय

# पिछले वर्ष तुलना में इस वर्ष जमीन दस्तावेज पंजीयन में पिछड़ रहा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले को इस बार दस्तावेज पंजीयन का लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल प्रतीत हो रहा है। 45 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक उसे महज 28 करोड़ रूपये की आय हुई है। वहीं 5 हजार 470 दस्तावेजों का ही पंजीयन हुआ है, जबकि बीते वर्ष इस अवधि में 5 हजार 872 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ था। अवकाश के दिन पंजीयन दफ्तर के खोले जाने के सरकारी आदेश के बावजूद पंजीयन दफ्तर में एक्का-दुक्का ही लोग पंजीयन कराने पहुंचे। आम दिनों की अपेक्षा पंजीयन दफ्तर में सन्नाटा पसरा हुआ था।

**खास बात**

- 5 हजार 470 दस्तावेजों का ही अब तक हुआ पंजीयन



दस्तावेज पंजीयन के लिए राज्य शासन ने अवकाश के दिन ही दफ्तर खोलने के आदेश दिए थे। इस सरकारी आदेश के तहत शुक्रवार को गुड फ्राईडे को सरकारी अवकाश होने के बावजूद दफ्तर खुले रहे। शनिवार और रविवार को सरकारी छुट्टी होने के बाद भी दफ्तर खुले रहेंगे। दस्तावेज पंजीयन के लिए विभाग को महज दो दिन और मिले हैं। इन दिनों में लक्ष्य प्राप्त करना कठिन है। बीते वर्ष यह लक्ष्य 35 करोड़ था और उसके विरूद्ध पंजीयन विभाग ने 38 करोड़ रूपये की राजस्व आय प्राप्त की थी। इस वर्ष शासन से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य शासन से पंजीयन विभाग को 45 करोड़ का लक्ष्य मिला है। उसके विरूद्ध अब तक पंजीयन दफ्तर को केवल 28 करोड़ 47 लाख 39 हजार 23 रूपये की राजस्व आय की प्राप्ति हुई है। जिले में चार स्थानों में पंजीयन दफ्तर संचालित हो रहे हैं। कोरबा, कटघोरा, हरदीबाजार, पाली इन सभी दफ्तर को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया था। सर्वाधिक लक्ष्य कोरबा के दफ्तर को शासन द्वारा दिया गया है।

**किसको कितना लक्ष्य**

| स्थान | लक्ष्य | फरवरी 2024 तक प्राप्त आय |
|---|---|---|
| कोरबा | 33 करोड़ | 221549586 |
| कटघोरा | 8 करोड़ | 39889937 |
| हरदीबाजार | 2 करोड़ 20 लाख | 13809899 |
| पाली | 1 करोड़ 80 लाख | 9489601 |
| योग | 45 करोड़ | 284739023 |

**दस्तावेज पंजीयन की स्थिति**

| | |
|---|---|
| कोरबा | 3453 |
| कटघोरा | 971 |
| हरदीबाजार | 641 |
| पाली | 405 |
| योग | 5470 |

# नाले में नहाना युवक को पड़ा महंगा आईफोन सहित नगदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक अपने दोस्तों के साथ रजगामार डूमरडीह नाला गया हुआ था जहां अपना आईफोन व पर्स स्कूटी की डिक्की में रखकर नहाने गया हुआ था। इस दौरान अज्ञात चोरों ने स्कूटी की डिक्की तोड़कर आईफोन व नगदी रकम की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय नगर निवासी शेखर आदिले उम्र 25 वर्ष पिता गेंद लाल आदिले 25 मार्च को अपने दोस्तों के साथ देवचरण भगत, हेम राज चौहान के साथ स्कूटी एवं मोटर सायकल से गाड़ानाला डूमरडीह नहाने गए हुए थे। इस दौरान नहाते समय शेखर अपना मोबाईल फोन आई फोन 14 प्लस एवं पर्स में 2 हजार रूपये रखा स्कूटी के डिक्की में रखकर वापस नहाने चला गया। नहाने के बाद वापस अपने स्कूटी के पास आया और डिक्की खोला तो डिक्की टूटा हुआ जिसमें उसका मोबाईल फोन एवं पर्स नहीं था। जिसे आसपास के लोगों से पूछताछ किया जो किसी ने जानकारी नहीं होना बताया। आस पास के झाड़ियो में खोजबीन किया जो नहीं मिला। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोबाईल फोन एवं पर्स को चोरी कर लिया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**परिवार को कमरे में बंद कर, हजारों की चोरी**

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरु नगर में रहने वाले गायत्री कर्ष के घर में गुरुवार की रात पीछे के बाउंड्रीवॉल फांदकर प्रवेश कर घर में सो रहे परिवार को बाहर से बंद कर दिया। घर के दूसरे रूम में रखे 8 हजार नगदी, सोने, चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती समान चोरी कर लिया है। जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है। मकान मालिक गायत्री कर्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी पतासाजी शुरु कर दी है।

# दुल्हन की तरह सज रही है नगरी हिंदू नववर्ष की तैयारियां जोरों पर



हिंदू नव वर्ष की तैयारी में सजा शहर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिंदू नववर्ष के आगमन पर 9 अप्रैल को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। तैयारियों का दौर जारी है। हिंदू नववर्ष के आयोजन के लिए पूरे कोरबा शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। हिंदू नववर्ष को लेकर कोरबा में होने जा रहा यह आयोजन भव्य होगा। इस बार देश के विभिन्न प्रांतों से मनमोहक एवं आकर्षक झकियां शोभायात्रा में सम्मिलित होंगी जिसे प्रदेश ही नहीं देश भर में लोग देखेंगे। जिले में होने जा रहे इस बड़े आयोजन की तैयारी को देखकर लोगों को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिस प्रकार वनवास के बाद भगवान राम के अयोध्या पहुंचने पर लोगों ने दिवाली मनाई थी। उसी प्रकार 9 अप्रैल हिंदू नववर्ष को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का आगमन कोरबा हो रहा है। इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। नव वर्ष को होने जा रहे इस आयोजन में सभी समाज के लोग शामिल होंगे। जिसमें जात-पात, राजनीति, छोटे-बड़े के भेद को भुलाकर समग्र हिंदुओं को एकजुटता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया गया है।

**खास बात**

- विभिन्न राज्यों से आ रही झांकियां व करतब दल, प्रशासन व पुलिस भी जुटी तैयारी में

# उद्योग मंत्री के समक्ष इंटक महामंत्री व कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल



भाजपा में प्रवेश करने वाले कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में शुक्रवार को इंटक के महामंत्री और कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश देवांगन, कांग्रेसी नेता व सतगढ़ तंवर समाज के अध्यक्ष कुंवर राजवर्धन सिंह समेत अधिक संख्या भाजपा में शामिल हुए।

टीपी नगर स्थित आशीर्वाद भवन में शुक्रवार को भाजपा की विधानसभा प्रबंधन और कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में अलग-अलग समाजिक व राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री और प्रदेश महामंत्री ने सभी को गमछा प्रदान कर भाजपा में प्रवेश दिलाया। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश महामंत्री पवन साय, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन वरिष्ठ विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, प्रेमचंद पटेल, संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**ये हुए भाजपा में शामिल**

इंटक के महामंत्री व कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश देवांगन, कांग्रेसी नेता व सतगढ़ तंवर समाज के अध्यक्ष कुंवर राजवर्धन सिंह, पूर्व पार्षद नगर निगम राजा गुप्ता, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रोहित राजवाडे छुरी के कांग्रेस पार्षद रामशरण साहू, राकेश प्रताप सिंह, इंजीनियर गजानंद भार्या, विजय कुमार अग्रवाल, प्रीतम देवांगन, प्रेम देवांगन, माखन देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, सुक्खुराम देवांगन, भगत राम देवांगन, शिवचरण पटेल, आनंद चतुर्वेदी, आनंद देवांगन, तरूण देवांगन, परदेशी सोनी, लक्ष्मण देवांगन, विसम्भर यादव, लखन देवांगन व पाली तानाखार से जनपद सदस्य, मदन सिंह मरावी, पोंडी खुर्द के सरपंच मनेन्द्र सिंह, परला के सरपंच जवाहर सिंह, लमना के सरपंच नेल साय, चोटिया के सरपंच करमन सिंह, लाद के सरपंच लाल बहादूर सिंह, पचरा के सरपंच चंद्रभूषण सिंह, समेत अधिक संख्या में भाजपा में शामिल हुए।

**पाली तानाखार में भाजपा ने की घेराबंदी**

पाली तानाखार में इस बार भाजपा जबरदस्त घेरा बंदी कर रही है। इससे पहले कांग्रेस के कई कदावर नेता व निर्वाचित जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो चुके है। तंवर समाज के अध्यक्ष कुंवर राजवर्धन सिंह के भाजपा में आने के बाद तानाखार में भाजपा की और भी मजबूत स्थिति हो गई है। जिन चेहरों के आधार पर कांग्रेस तानाखार में चुनाव लड़ती थी उनमें से आधे से अधिक बडे चेहरे भाजपा में शामिल हो गये।

## होटल, लॉज, फेरी वाले, किराएदार व संदिग्ध व्यक्तियों की हुई जांच

# पुलिस ने 2 हजार लोगों की दर्ज की मुसाफिरी, 6 सौ किराएदारों की कुंडली तैयार



किरायेदार से जानकारी हासिल करते पुलिस अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों से लोग यहां कामकाज की तलाश में पहुंचते हैं। इसी की आड़ में कई अपराधी भी किराये की मकान में पनाह ले लेते हैं और वारदात को अंजाम देते हैं। जिले में बाहर से आने वाले लोगों की पहचान हो सके इसके लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें किरायेदारों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है तो वहीं मुसाफिरी दर्ज करने के लिए पुलिस गली मोहल्लों की खाक छान रही है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा सजग अभियान के तहत होटल, लॉज संचालकों को स्पष्ट हिदायत दिया गया है कि होटल, लॉज में रुकने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विधिवत तरीके से दिया

⏭ शेष पेज 3 पर

**चेतावनी देकर छोड़ा गया**

थाना प्रभारियों द्वारा फेरीवालों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर सामान्य जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी गई है और गलत काम धंधों में पाए जाने से कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। बाहरी व्यक्तियों को किराए पर रखने वाले मकान मालिकों एवं किराएदारों का सत्यापन किया गया और किराएदारों की सूची तैयार की गई। सत्यापन कार्य में लगे पुलिस के द्वारा किराएदारों के आईडी लेकर चेक किये और उनके काम काज की जानकारी लिया गया तथा उन्हें अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दिये।

**मकान मालिक की जवाबदारी**

पुलिस की टीम के द्वारा मकान मालिक की व्यक्तिगत जवाबदारी है कि वह थाने में किराएदार की सूचना दें। मकान मालिकों को हिदायत दिया गया कि मकान किराये पर देने से पूर्व अनिवार्य रूप से किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन कराये अगर कोई मकान मालिक नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। कोरबा पुलिस की अपील है कि सभी अपने किराएदार और नौकरों का संबंधित थाने में जाकर अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन अवश्य करावें। थाने में पुलिस टीम के द्वारा पार्षदों एवं ठेकेदारों की मीटिंग लिया गया जिसमें पार्षदों को बताया गया कि आपके क्षेत्र में मकान मालिक के घर पर किराएदार रखना पर उसका सत्यापन आवश्यक रूप से करवा ले एवं संदिग्ध लोग दिखे तो उसके बारे में पुलिस टीम को सूचित किया जाए, मीटिंग में ठेकेदारों को बताया गया कि आप अपने अंदर मजदूरों को कम पर रखने से पहले उनकी जांच पड़ताल कर ले अगर कोई संदिग्ध लग तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### भारी वाहन की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत

**कोरबा।** जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य मार्ग पर दौड़ने वाली भारी वाहनों की चपेट में आने से आए दिन किसी न किसी की मौत हो रही है। एक बार फिर से गोढ़ी रखड़ डेम के आगे मुख्य मार्ग पर अज्ञात भारी वाहन ने सड़क पर मौजूद 6 मवेशियों को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मुख्य सड़क के किनारे जहां तहां मवेशियों के शव पड़े हुए थे। इस घटना को लेकर गौ-सेवकों में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। इससे पहले भी जिले की सड़कों पर इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। भारी वाहन के चालक तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हैं जिससे मवेशी काल के गाल में समा जाते हैं।

29 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 3/29/2024 11:39 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# वूल्वरिन की भूमिका दोहराने के लिए ह्यू जैकमैन ने की कड़ी मेहनत



ह्यू जैकमैन ने 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए जमकर पसीना बहाया है। 55 साल के सुपरस्टार का वर्कआउट वीडियो एमसीयू फैंस को उत्साहित कर रहा है। ह्यू जैकमैन ने अपना वर्कआउट रूटीन साझा कर फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया है। ह्यू 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने की तैयारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थ्रोबैक वीडियो में, 55 साल के अभिनेता ने अपने प्रभावशाली बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया। पिछले साल लिया गया फुटेज, मस्कुलर और क्लासिक एक्स-मेन दिखने के लिए जैकमैन के समर्पण को दर्शाता है। ह्यू को अपने ट्रेनर बेथ लुईस के मार्गदर्शन में खुद को आगे बढ़ाते देखा गया। वीडियो में लुईस के प्यारे साथी एंडी को भी दिखाया गया है, जो हॉलीवुड स्टार को बाइसेप्स एक्सरसाइज पूरा करने के लिए मजाकिया अंदाज में प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल 3' में जैकमैन के साथ रयान रेनॉल्ड्स मुख्य भूमिका में हैं। इसका फिल्मांकन जनवरी में समाप्त हो गया और फैंस को पिछले महीने के सुपर बाउल के दौरान पहला ट्रेलर देखने को मिला। वीडियो में, दर्शक द ग्रेटेस्ट शोमैन स्टार को वजन उठाते हुए देखकर उनके मुरीद हो गए हैं। एक फैन ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, 'जब भी आप ये वीडियो पोस्ट करते हैं तो इससे मुझे अपने प्रशिक्षण को जारी रखने के लिए प्रेरणा मिलती है।

### टॉलीवुड

# 'मिस्टर बच्चन' बन धमाल मचाने को तैयार रवि तेजा



साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों हरीश शंकर के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का नया शेड्यूल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 मार्च को शुरू हुआ। फिल्म के सेट पर रवि तेजा ने शूटिंग शुरू की। वहीं अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है और साथ ही इसकी रिलीज की तारीख को लेकर भी नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। 'मिस्टर बच्चन' की टीम फिल्म के नए शेड्यूल को जल्द से जल्द खत्म करने के विचार में है। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को जून तक पूरा करने की योजना बनाई है। वहीं, निर्माता 'मिस्टर बच्चन' को इस साल जुलाई में रिलीज करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। लखनऊ में शुरू हुई शूटिंग का लक्ष्य इस अवधि के दौरान फिल्म का आधा हिस्सा पूरा करना है। इससे पहले रवि तेजा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शूटिंग से छोटा ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद अब रवि तेजा शूटिंग सेट पर वापस आ चुके हैं। वहीं बात करें फिल्म की तो 'मिस्टर बच्चन' को अजय देवगन की लोकप्रिय हिंदी फिल्म 'रेड' का आधिकारिक रीमेक माना जा रहा है। फिल्म में रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं फिल्म में अभिनेता के अवतार को लेकर भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के नाम की तरह ही रवि का लुक होगा यानी फिल्म में रवि तेजा का लुक बॉलीवुड के बिग बी से प्रेरित है और इसमें अमिताभ बच्चन के जीवन के युवा दिनों का लुक दिखाया जाएगा। वहीं बात करें रवि के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता को आखिरी बार एक्शन से भरपूर थ्रिलर 'ईगल' में एक क्रूर हत्यारे की भूमिका में देखा गया था। वहीं अब फैंस बेसब्री से 'मिस्टर बच्चन' से जुड़ी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

# छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' आज से दर्शकों के लिए अनूठी प्रेम कहानी




खुश्बू फिल्म्स वर्ल्ड के बेनर तले बनी एवं खुश्बू जायसवाल द्वारा निर्मित तथा राजा खान द्वारा लिखित व निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदर्शित होने जा रही है। राजा खान ने बताया कि अब तक छत्तीसगढ में बनी सभी फिल्मों से हटकर ये एक अनोखी प्रेम कहानी है। छॉलीवुड के चाकलेटी हिरो आकाश सोनी एवं यास्मीन जायसवाल द्वारा अभिनित इस फिल्म के गाने यू ट्यूब चैनल पर धूम मचा रहे हैं। डॉ. खुश्बू जयसवाल ने बताया कि फिल्म में रानू वर्मा,संजय जैन, पवन मानिकपूरी और रिंकू राजा ने महती भूमिका निभाई है। हालांकि यास्मीन जायसवाल की ये पहली फिल्म है लेकिन उन्होंने अपनी इस पहली ही फिल्म में बहुत ही उम्दा रोल किया है। वहीं इसमें रिंकू राजा ने इंस्पेक्टर का बहुत ही जर्बदस्त रोल किया है। इस फिल्म के लेखक राजा खान है और पहली बार वे कोरियोग्राफी भी की है। जा खान द्वारा निर्देशित ये दूसरी फिल्म है जो प्रदर्शित होने जा रही है, इससे पहले उनकी बहुचर्चित फिल्म घरौदा प्रदर्षित हो चुकी है, जो शुद्ध पारिवारिक, कमेडी और एक बहुत ही अच्छी संदेशप्रद कहानी थी, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया था। राजा खान ने घरौदा में एक और प्रयोग करते हुए छॉलीवुड के चरित्र अभिनेता शमशीर सिवानी से जबर्दस्त कॉमेडी करवाया था जो छॉलीवुड में बेहद ही चर्चा का विषय बना था। इस फिल्म के गीतकार ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मण सियाराम, विनोद बोरकर, राहुल डडसेना, सुभाष यादव, संगीतकार ओमप्रकाश यादव, कोरियोग्राफर राजा खान, संजू तांडी, एनटीआर है जबकि गीतों को अपने मधुर और सुरीली आवाज से संजोया है छॉलीवुड के सुपर गायक सुनील सोनी, ओमप्रकाश यादव, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा ने। इसके फाईट मास्टर टार्जन है।




स्ट्रे किड्स के कोरियन पॉप सुपरस्टार फेलिक्स ने लुई वुइटन फॉल विंटर 2024 शो में सबको चौंका दिया। लक्जरी फैशन हाउस के राजदूत इस 23 वर्षीय रैपर ने पेरिस फैशन वीक के दौरान 'स्क्विड गेम' ब्रेकआउट जंग होयोन के साथ शो के समापन का नेतृत्व किया। फेलिक्स और जंग होयोन पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में लुई वुइटन वूमेन्सवियर शो के दौरान रनवे पर चले।

# चेहरे को सिर्फ धोना काफी नहीं, निखार के लिए इन तरीकों को भी अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे अपने चेहरे और त्वचा से प्यार ना हो लेकिन सर्दी का मौसम त्वचा का निखार कम देता है। सर्दी के इस मौसम में रूखी-सूखी त्वचा से हर कोई परेशान रहता है। इसके लिए लोग कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, ताकि त्वचा का ग्लो बरकरार रहे। इन सभी प्रोडक्ट का इस्तेमाल साफ चेहरे पर ही किया जाता है। ऐसे में आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा, कि दिन में कम से कम दो बार चेहरा धोना जरूरी होता है।

ये बात सच भी है लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ चेहरा धोने से आप स्किन केयर नहीं कर सकते। इसके लिए आपको कई स्टेप्स फॉलो करने चाहिए। इन तरीकों के बारे में बहुत से लोगों को नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे स्किन केयर स्टेप्स बताएंगे, जिसका फॉलो करना बेहद ही आसान है और इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

**मेकअप को करें साफ:** कहीं भी बाहर से आने के बाद आपका पहला काम मेकअप रिमूव करना होना चाहिए।। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

**करें डबल क्लींजिंग:** हर किसी को चेहरे की डबल क्लींजिंग ही करनी चाहिए। इसके लिए पहले ऑयल बेस्ड क्लींजर का उपयोग करना है और उसके बाद एक वॉटर बेस्ड क्लींजर का।

**एक्सफोलिएशन का रखें ध्यान:**
चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए आप रोज स्किन को एक्सफोलिएट जरूर करें। इससे चेहरे के पोर्स सही तरह से खुल जाएंगे।

**सीरम करें इस्तेमाल:** चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों को साफ करने के लिए फेस सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। इसे हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही खरीदें।

**आई केयर:** अपने पूरे चेहरे का ध्यान रखने के दौरान आंखों को भूलें नहीं। इसके लिए आपको बस अंडर आई मास्क का इस्तेमाल करना है। इससे आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों से छुटकारा मिलेगा।

**चेहरे के हाइड्रेशन का रखें ध्यान:** मौसम बदलने के साथ-साथ आपको अपने चेहरे के हाइड्रेशन का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इसके लिए चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें।

# इफ्तार पार्टी में होना है शामिल तो पहनकर जाएं इस तरह के सूट




रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो चुकी है। इस पूरे महीने लोग अल्लाह से अपने और अपने परिवारवालों के लिए दुआ मांगते हैं। इसके साथ ही वो सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं। इस पूरे महीने लोग रोजा भी रखते हैं, जो हर किसी के लिए काफी अहम होता है।



रोजे के दौरान सुबह सूरज निकलने से पहले सहरी खाकर इबादतों का सिलसिला शुरू होता है। इसके साथ ही सूरज ढलने के बाद रोजा खोल लिया जाता है। रोजा खोलने के लिए कई जगहों पर इफ्तार की दावत का आयोजन किया जाता है। इफ्तार की दावत बहुत से लोग अपने घरों में भी आयोजित करते हैं।

अगर आप भी कहीं इफ्तार की दावत में जाने वाली हैं, लेकिन कपड़ों को लेकर संशय में हैं कि क्या पहनकर जाना उचित होगा तो हम आपको कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**लाल अनारकली:**
ऐसा लाल शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कमाल का लगेगा। इसके साथ आप चाहें तो हील्स भी कैरी कर सकती हैं। खुले बाल आपके इस लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे।




**डीपनेक अनारकली:** अगर ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो इस तरह का डीपनेक अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसे बनवाते वक्त ध्यान रखें, कि इसमें घेर अच्छा खासा होना चाहिए।

**गुलाबी कॉटन सूट:** अगर चाहें तो ऐसा गुलाबी रंग का चिकनकारी सूती सूट आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। ऐसा सूट गर्मी के इस मौसम में काफी सही रहता है। इसे पहनकर आप और खूबसूरत दिखेंगी।

**फ्लोरल प्लाजो:** गर्मी का मौसम आ गया है। ऐसे में आप चाहें तो ऐसा फ्लोरल वर्क वाला कुर्ता और प्लाजो पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं। इसके साथ अगर आप नोज रिंग पहनेंगी, तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। अगर आपके पास कोई सिल्क की पुरानी साड़ी रखी है, तो आप उसकी मदद से सिल्क का अनारकली सूट तैयार करा सकती हैं।

# सोने और चांदी की ज्वेलरी जितनी ही खूबसूरत दिखती है ब्रास ज्वेलरी, जाने रख-रखाव का तरीका

ब्रास की ज्वेलरी की डिजाइंस और उसके रखरखाव के तरीकों को जानने के लिए आप एक्सपर्ट द्वारा दी गई जानकारी इस आर्टिकल में पढ़ सकती हैं। महिलाओं के श्रृंगार को तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक वह ज्वेलरी न कैरी करें। वैसे तो भारतीय महिलाओं की पहली पसंद गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी है, मगर आजकल मॉडर्न और फैशनेबल ज्वेलरी का फैशन है। गोल्ड या सिल्वर की ट्रेडिशनल ज्वेलरी को रोज पहने जाने वाले कपड़ों के साथ नहीं पहना जा सकता है। बहुत सी महिलाओं को तो रोज ज्वेलरी बदल-बदल कर पहनने का शौक होता है। ऐसे में बाजार में आपको इमिटेशन ज्वेलरी में बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आजकल तो रोमन कल्चर में लोकप्रिय टाइटेनियम स्टील से बनी ज्वेलरी का फैशन चल रहा है। इसके अलावा मार्केट में आ रही ब्रास ज्वेलरी भी महिलाओं के बीच बहुत ज्यादा प्रचलित हो रही है।



ब्रास ज्वेलरी के साथ प्लस प्वॉइंट यह है कि इस पर गोल्ड या सिल्वर की पॉलिश चढ़ जाए, तो यह बहुत ही एक्सपेंसिव लुक देती है। अच्छी बात तो यह है कि पॉकेट फ्रेंडली होने के साथ ही आपको ब्रास ज्वेलरी में बहुत अच्छे डिजाइंस मिल जाएंगे। इस ज्वेलरी के बारे में हमने खास बातचीत की गार्गी बाय पीएन गाडगिल एंड सन के को-फाउंडर आदित्य मोदक से। आदित्य बताते हैं, 'ब्रास ज्वेलरी एलोय को मिक्स करके बनाई जाती है, इसलिए यह सोने-चांदी की ज्वेलरी की तरह डेलिकेट नहीं होती है। आप इसे लंबे समय तक कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको ट्रेडिशनल और मॉडर्न, दोनों तरह की ज्वेलरी मिल जाएगी।' इतना ही नहीं, आदित्य से हमने ब्रास ज्वेलरी से जुड़ी और भी कई रोचक बातें जानी हैं, जो हम इस आर्टिकल में आपको बताने जा रहे हैं।

# लाल रंग की चूड़ी के ये सेट हैं नए, देखें डिजाइंस और बढ़ाएं हाथों की खूबसूरती

हाथों की खूबसूरती को दोगुना करने के लिए आप रंग-बिरंग चूड़ियों को लाल रंग के कंगन के साथ भी पहन सकती हैं।

हम सभी ट्रेडिशनल लुक के साथ तरह-तरह के चूड़ी के सेट बनाकर पहनते हैं। वहीं सुहागने ज्यादातर लाल रंग की चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। हालांकि चूड़ियों को इंडो-वेस्टर्न और कईवेस्टर्न लुक्स के साथ भी स्टाइल किया जाने लगा है।

लाल रंग में आपको कई डिजाइन वाली चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी, जिन्हें आप कई तरीके से हाथों में पहन सकते हैं और हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लाल रंग की चूड़ियों के कुछ नए सेट और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके-



## लाल-हरी चूड़ी सेट

हरे के साथ ज्यादातर लाल रंग की ही चूड़ियां पहनी जाती है। इसमें आप बारीक चमकीली वाली चूड़ी खरीद सकती हैं। इस तरह की चूड़ी रोजाना से लेकर किसी पार्टी लुक के लिए भी पहनी जा सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के बीच में चौड़े डिजाइन का कंगन भी पहन सकती हैं।

## गोल्डन कंगन के साथ लाल चूड़ी सेट

गोल्डन कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। इसमें आप लाल रंग की चूड़ियों के साथ गोल्डन कलर के कंगन का सेट बनाकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन के साथ पर्ल डिजाइन की पतली चूड़ियां भी बेस्ट लुक देने में मदद करेंगी।

## लाल-पीली चूड़ी सेट

लाल के साथ पीले रंग का कलर कॉम्बिनेशन बेस्ट नजर आता है। इस तरह की लाल-पीली चूड़ियों के साथ में आप हरे रंग या पिंक कलर को भी शामिल कर सकती हैं। यह चूड़ी सेट हर कलर के कपड़ों के साथ आसानी से मैच भी करता है।


## कार्नर न्यूज

### बालों को पीछे करने के अलावा भी जानिए और टिप्स

# स्लिक हेयर बैक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी, स्टेप बाय स्टेप ये टिप्स आएंगे काम

स्लिक हेयर बैक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही। इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। स्लिक हेयर बैक के लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं।



बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।

इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं।


अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे।

बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी।

अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।





अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

अब बालों में कंघे का इस्तेमाल करें। इसे फॉरहेड से पीछे की ओर ले जाएं। आप चाहें तो इन्हें ब्लो ड्राय कर सकते हैं। लेकिन बालों में बार-बार हाथ न लगाएं।

## खबर संक्षेप

### निदेशक तकनीकी ने मेगा परियोजनाओं का लिया जायजा

**कोरबा।** वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले एसईसीएल उत्पादन लक्ष्य हासिल करने में जुटा हुआ है। इसे लेकर अधिकारियों द्वारा मेगा परियोजनाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में निदेशक तकनीकी ने जिले की मेगा परियोजनाओं का निरीक्षण कर उत्पादन व उत्पादकता का जायजा लिया। एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी द्वारा एसईसीएल की मेगापरियोजनाओं का दौरा किया गया। सबसे पहले श्री कापरी दीपका खदान पहुंचे एवं खनन गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए उत्पादन-उत्पादकता का जायज़ा लिया। इसके उपरांत श्री कापरी कुसमुंडा खदान पहुंचे जहां उन्होने व्यू पॉइंट से खनन गतिविधियों की समीक्षा की। दोनों खदानों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा करते हुए उन्होने सभी को इस वर्ष का उत्पादन लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### चांद नजर आया तो 10 अप्रैल को मनेगी ईद

**कोरबा।** माहे रमजान में मुस्लिम बंधु रोजा रखकर खुदा की इबादत में मशगुल हैं। इस बार रमजान माह 12 मार्च से शुरू हुआ है। तीसरे जुमा को भी मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचे मुस्लिम बंधुओं की भीड़ रही। चांद का दीदार 9 अप्रैल की शाम को हुआ तो 10 को ईद मनेगी। वहीं 9 की बजाए 10 को चांद दिखने पर अगले दिन ईद होगी। मुस्लिम परिवारों में ईद को लेकर काफी उत्साह है। नए कपड़े खरीदे जा रहे हैं। वहीं सेवाईयों की खरीदी भी शुरू हो गई है। माह-ए-रमजान की नमाज अदा करने लोग नगर की मस्जिदों में पहुंचने लगे हैं। रमजान के मद्देनजर मस्जिदों का रंगरोगन कर लिया गया है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि रोजेदारों को वहां किसी तरह की असुविधा न हो। मुस्लिम धर्म संस्कृति में रमजान का पवित्र माह निःसंदेह इबादत, रोजा, नमाजों के इर्द गिर्द ही रहता है। इस माह में लोग एक दूसरे के खासकर कमजोर वर्ग का मदद करने में आगे रहते हैं। उन्होंने बताया कि रोजाना सुबह 4 बजे से नमाज का दौर शुरू होकर देर रात तक बना हुआ है।

### कॉलोनी की समस्या दूर करने की मांग

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन बिलासपुर से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ गेवरा क्षेत्र की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य प्रीतम राठौर ने एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कॉलोनी में व्याप्त समस्याओं से राहत दिलाने की मांग की है। राठौर ने अपने पत्र में कहा है कि कई महीनों से कॉलोनी में डस्ट का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इसके कारण लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। चारों तरफ डस्ट ही डस्ट वातावरण में फैला हुआ है। ऐसा लगता है कि कॉलोनी नहीं वरन खदान क्षेत्र है।

### भतीजे ने पत्नी के साथ मिलकर चाचा को उतारा मौत के घाट

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के झगराखांड़ पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी को हत्या होने के महज 48 घंटों में सुलझा ली है। दरअसल पूरा मामला जमीन से उपजे विवाद को लेकर था, जहां आरोपी भतीजे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने चाचा की हत्या कर दी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन पनिका पिता स्व.रामलाल पनिका उम्र 57 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ जिला एमसीबी के द्वारा 27 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सुबह करीब 7 बजे राम मनोहर का मूक बधिर लड़का उसे ईशारा कर अपने पिता के बाड़ी में पड़े होने का संकेत दिया, तब वह मौके पर सुखदेव पनिका, कृष्णा पनिका, बलदेव पनिका एवं चौकीदार सतनारायण को साथ ले जाकर देखा तो राम मनोहर मृत हालत में जमीन पर पड़ा था। पेट, सीना एवं गाल में खरौंच का निशान दिख रहा था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा में लिया गया तथा मृतक राम मनोहर आत्मज स्व. हीरालाल उम्र 60 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ के शव का पीएम कराया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पुलिस ने 2 हजार...

जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। पुलिस टीम के द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सडक किनारे जडी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उन्हें फटकार लगा कर उनका मुसाफिरी दर्ज किया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए 1990 लोगों को चेक किया गया। 597 किरायेदारो को तस्दीक़ किया गया, संदिग्ध अजनबी (एस एस रोल) के तहत 2026 लोगों को चेक किया गया एवं कदाचारी (बी सी रोल) के तहत 39 लोगों को चेक किया गया है। 2026 रोल में से 164 उत्तर प्रदेश, 216 बिहार झारखंड, 94 महाराष्ट्र, 89 राजस्थान, 85 हरियाणा, 142 उड़ीसा जैसे राज्यो को एवं 1236 अन्य दीगर जिलों को जारी किया गया है एवं उनके राज्य के नजदीकी थाने में संपर्क करके उनके बारे में जानकारी लिया गया।

## मामला नोनबिर्रा शासकीय विद्यालय परीक्षा केन्द्र का

# ओपन स्कूल परीक्षा में नकल की शिकायतें, विभाग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जा रही 10वीं 12वीं ओपन परीक्षा के लिए कुल 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों में नकल की शिकायतें लगातार आ रही थी। एक दिन पूर्व ऐसा ही एक मामला सोशल मीडिया में सामने आने से शिक्षा विभाग ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। विभाग ने नकल रोकने के लिए उड़नदस्ते दल भी बनाए हैं, किंतु उनके द्वारा एक भी प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं।

**खास बात**
- जिले में बनाए गए हैं 12 परीक्षा केंद्र


नोरबिर्रा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल।

ओपन परीक्षा में नकल चलने का मामला करतला विकासखंड के ग्राम नोनबिर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का सामने आया है। जिसमें प्रैक्टिकल फाईल के नाम पर 200 से 300 रूपये लेने एवं परीक्षा में नकल कराए जाने के लिए भी कुछ शिक्षकों के द्वारा परीक्षार्थियों से सांठगांठ की शिकायतें भी सामने आई है। हालांकि किसी परीक्षार्थी द्वारा इस प्रकरण में शिकायतें नहीं की गई है, किंतु सोशल मीडिया में सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने इस पूरे मामले में संज्ञान ले लिया है। हालांकि उसके द्वारा पूर्व में ही नकल रोकने के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ते दल का गठन किया गया है, किंतु उक्त उड़नदस्ते दल के द्वारा पूर्व में संपन्न हुई बोर्ड परीक्षाओं में भी नकल प्रकरण नहीं दर्ज किए गए और ना ही ओपन परीक्षा में कोई प्रकरण तैयार किया गया है। इससे जाहिर होता है कि नकल प्रकरण को लेकर विभाग भले ही गंभीरता बरते, किंतु उसके द्वारा गठित उड़नदस्तेज दल के द्वारा इस मामले में जरा भी गंभीरता नहीं बरती गई है। बीते 9 मार्च से ओपन स्कूल की परीक्षाएं शुरू हुई है जो 6 अप्रैल तक चलेंगी और अभी चार विषयों की परीक्षा शेष है। जिनमें नकल को रोकने के लिए विभाग तैयारी कर रहा है। नकल के संबंध में ये भी जानकारी समाने आई कि परीक्षा केन्द्र जाने के पहले ही छात्रों को पूरा इंतजाम किया जाता था।

**गठित की गई है टीम**

ओपन परीक्षा में नकल रोकने के लिए टीम गठिन की गई है। जिले में 12 केन्द्रों में परीक्षाएं चल रही है। सभी केन्द्रों का सिलसिलेवार निरीक्षण किया जा रहा है। नोनबिर्रा की जानकारी उनके संज्ञान में आई है टीम वहां भी जाएगी।
- **टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

# नलजल योजना दूर, ग्रामीण पानी के लिए हैंडपंप, कुंआ, ढोंढ़ी पर ही निर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



करोड़ों की लागत खर्च करने के बाद भी कई ग्राम पंचायत के रहने वालों के घर तक अब तक पानी नहीं पहुंच पाया है। 4 साल बीत जाने के बाद के बाद भी जिले के कई गांवों में योजना से अब तक पानी नहीं पहुंच पाया है। जिससे पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कई गावों में अभी भी पुराने हैंडपंप, कुंआ, ढोंढ़ी या फिर नलजल योजना पर निर्भर हैं।

कई ऐसे गांव हैं जहां ग्रीष्म की शुरूआत से ही जल संकट शुरू हो जाती है। जिनमें कांजीपानी, इरफ़, गोपालपुर, राजकम्मा जैसे कई पंचायत है जहां पानी टंकी, बोर और पाइपलाइन होने के उपरांत भी घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। चैतमा पंचायत के अंतर्गत भी जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन हो चुका हैं, वहीं पानी टंकी का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, पर संबंधित विभाग द्वारा अभी तक बोर नहीं किया गया। जिससे आने वाले दिनों में पानी की समस्या हो सकती है। इसी तरह ग्राम चैतमा के बांसटाल मोहल्ले में पानी की समस्या रहती है। यहां निवासरत गरीब मजदूर वर्ग को अपने जीवनयापन से पहले पानी की समस्या से जूझना पड़ता है, गरीब ग्रामीण पेयजल के लिए पड़ोसी एवं घरों से दूर स्थापित हैण्डपंप पर निर्भर हैं, या निस्तारी के लिए नदी नालों पर निर्भर है। कई जगह हैंडपंप के क्रियाशील नहीं होने की नदी नालों का पानी दैनिक निस्तार के लिए के लिए करना पड़ता है।

**खास बात**
- चैतमा के कई ग्राम पंचायत जूझ रहा पानी की समस्या से

# कटघोरा में रेल आरक्षण काउंटर की सुविधा देने महाप्रबंधक को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले के कटघोरा उपनगरीय क्षेत्र को भले ही नेशनल हाईवे की सुविधा से जोड़ दिया गया है किंतु रेलवे आरक्षण जैसी सुविधा से उप नगरीय क्षेत्र वंचित है। आम लोगों को रेलवे आरक्षण के लिए कोरबा या बिलासपुर की दूरी तय करनी पड़ती है। इस समस्या को लेकर जोन रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति ने रेल महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित किया है।


संजय मित्तल

रेल महाप्रबंधक प्रेषित पत्र में जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य संजय मित्तल ने बताया कि कटघोरा में आरक्षित रेल टिकट काउंटर की व्यवस्था के लिए कटघोरा में कम्प्युटरीकृत आरक्षण केंद्र प्रारंभ करने के लिए विधायक ने भी अनुशंसा कर दी है। पत्र में श्री मित्तल ने बताया कि कुछ वर्ष पहले लोगों की मांग पर लोगों ने जनपद पंचायत भवन में रेल टिकट आरक्षण केंद्र खोला था जो बाद में रेलवे के ही रवैये के कारण बंद हो गया। तर्क दिया गया कि राजस्व नहीं मिलने से इस तरह का कदम उठाया गया। वर्तमान में इलाके की आबादी बढ़ने और भिन्न-भिन्न काम से लोगों का आवागमन छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में ट्रेन के जरिए हो रहा है। ऐसे में उन्हें या तो ऑनलाइन टिकट करानी पड़ रही है या फिर मैन्युअल टिकट आरक्षण के लिए कोरबा या बिलासपुर तक की दूरी तय करनी पड़ रही है। यह महंगा सौदा पड़ रहा है। जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य श्री मित्तल ने महाप्रबंधक को प्रेषित पत्र में विधायक द्वारा की गई अनुशंसा भी संलग्न की गई है। श्री मित्तल ने मांग की है कि कटघोरा में रेल आरक्षण सुविधा शुरू की जाए। इसके लिए भवन, बिजली और अन्य सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी।

**खास बात**
- जेडआरयूसीसी सदस्य संजय मित्तल ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

# गुड फ्राइडे के अवसर पर गिरजाघरों में की गई विशेष प्रार्थना


प्रार्थना करते मसीही समुदाय के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुड फ्राइडे के अवसर पर शुक्रवार को शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों के गिरजाघरों में प्रभु यीशु की आराधना में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समाज के सदस्य उपस्थित थे।

शहर के आलावा उपनगरीय क्षेत्र बालको, एनटीपीसी, दीपका, कुसमुंडा के साथ अन्य चर्च में गुड फ्राईडे में मसीही समाज के लोग गुड फ्राइडे के अवसर पर उपवास रखते हैं। चालीस दिन चलने वाला यह उपवास गुड फ्राईडे को समाप्त होता है। इस अवसर पर मसीही समाज के लोग चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं और प्रभु यीशु के बलिदान को याद करने के साथ लोग प्रभु ईसा से अपनी गलतियों के लिए माफी मांगते हैं और प्रभु ईशु द्वारा बताए गए प्रेम और विश्वास के मार्ग पर चलने की शपथ लेते हैं। इस दिन पर काले कपड़े पहनकर प्रभु यीशु के प्रति शोक प्रकट करने की परम्परा है। साथ ही गुड फ्राइडे के दिन चर्च में न तो घंटी नहीं बजती है और न ही कैंडिल जलाई जाती हैं। क्योंकि ईसा मसीह लोगों की भलाई के लिए ही सूली पर चढ़े थे, इसलिए इस दिन को बहुत ही पवित्र माना जाता है और इसे गुड फ्राइडे के नाम से जाना जाता है। इस दिन बाईबल के अनुसार सात वाणी पर मनन भी किया जाता है। वह सात वाणी जब यीशु मसीह को सुली पर चढ़ाएं थे अंतिम वक्त तो वह कहे थे। जिसे गुड फ्राईडे में उन सात वाणी पर चिंतन मनन भी किया जाता है। ईसाई समुदाय के ईसा मसीह ने दुनिया को प्रेम का संदेश दिया था। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे, या फिर ग्रेट फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है।

**खास बात**
- शहर के साथ उपनगरीय क्षेत्रों के चर्च में जुटा मसीही समाज

### प्रभु यीशु के बलिदान को याद कर मनाया गुडफ्राइडे



ईसाई समुदाय ने गुड-फ्राइडे शुभ शुक्रवार की आराधना के दिन प्रभु यीशु बलिदान को याद कर मनाया गया। ईसाई समुदाय के लिए यह दिन बहुत ही विशेष होता है। समुदाय के लोगों ने बताया कि ईसा मसीह ने हमारे पापों के लिये अपने आप को सूली पर चढ़ा दिया और अपने प्राणों की आहुति दे दी,ताकि हमें अपने पापों से छुटकारा मिले। ईसा मसीह की शिक्षाएं पूरे मानव समाज के लिए हैं। गुड फ्राइडे को लेकर जिले के अलग-अलग चर्च में विशेष प्रार्थना एवं आराधना का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में रेव. आर के मसीह ने लाईफ इन क्राईस्ट चर्च उरगा में विश्वासियों को गुड फ्राइडे के महत्व को बताया, साथ ही साथ गुड फ्राइडे का त्योहार को क्यों मनाया जाता है, आखिर गुड फ्राइडे ईसाई समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर क्यों हैं इस पर भी प्रकाश डाला। आराधना के दौरान बताया गया कि गुड फ्राइडे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यीशु मसीह ने अपनी मृत्यु के साथ ही दुनिया के सारे पाप अपने ऊपर ले लिए थे। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपने आप को न्योछावर कर दिया था।

# कोरबा में चलेगी विकास की बयार लोकसभा में खिलेगा कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोदी है तो पुरे देश में प्रगति है और सरोज है तो कोरबा से विकास रोज है, उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 5 सिंधी मोहल्ले में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान अपने संबोधन में कही।



भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन का प्रचार लगातार वार्डों में चल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा मंडल के वार्डों में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभा ली। सिंधी मोहल्ले में आयोजित नुक्कड़ सभा में उन्होंने कहा की मोदी की दूरगामी सोच का ही नतीजा है कि आज जिले से जुड़ने वाली हर सड़क फोरलेन और सिक्सलेन बन चुकी है। कुछ सड़कों में तेजी से काम चल रहा है। कोरबा से चांपा के बीच 990 करोड़ की लागत से हाईवे मूर्तरुप ले रहा है, उरगा से बिलासपुर के बीच भी फोरलेन सड़क का काम अंतिम चरण पर है। सरोज दीदी के सांसद बन जाने के बाद जितनी भी अधोसंरचना के काम रुके हुए है वह तेजी से हो सकेंगे। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मोदी है तो देश में प्रगति है और सरोज दीदी के आने के बाद कोरबा लोकसभा में विकास की रफ्तार रोज बढ़ेगी। इस दौरान पूर्व महापौर जोगेश लांबा, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा भारती शराफ, युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद धनश्री साहू, पार्षद उर्वशी राठौर, पार्षद सुफल दास, पूर्व पार्षद संजू देवी राजपूत, राधे यादव, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा प्रीती स्वर्णकार समेत अधिक संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### ज्योत्सना महंत का सघन जनसंपर्क कार्यक्रम आज



**कोरबा।** लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा संसदीय क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया जा रहा है। वे गांव-गांव में लोगों के बीच पहुंचकर कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने व पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर लोकसभा से कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील कर रही हैं। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता सांसद से बड़ी आत्मीयता से मिल रहे हैं और उनके प्रति अपना विश्वास भी जता रहे हैं। लोगों के द्वारा सांसद को पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया जा रहा है। सघन जनसंपर्क की कड़ी में ज्योत्सना महंत 30 मार्च को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों के दौरे पर सुबह 11 बजे से रहेंगी। उनके द्वारा ग्राम चुईया में सुबह 11 बजे, भटगांव 12 बजे, सरईपाली दोपहर1 बजे, परसाखोला दोपहर 2 बजे, मुड़धोआ 3 बजे, ग्राम रुकबहरी शाम 4 बजे, बेलाकछार शाम 5 बजे, ग्राम बेला में शाम 6 बजे, ग्राम दोंदरो में शाम 7 बजे जनसंपर्क किया जाएगा।

# रामपुर क्षेत्र से महंत परिवार का है गहरा नाता, हमेशा मिला है साथ : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने शुक्रवार को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल में क्रियान्वित की गई योजनाओं और उससे लगातार मिल रहे लाभ की जानकारी दी। देश की आजादी के बाद से कांग्रेस की सरकारों ने विकास को आगे बढ़ाया। औद्योगिक उन्नति के साथ-साथ प्राथमिक स्तर की अर्थव्यवस्था, गांवों का का विकास, किसानों की समृद्धि से लेकर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, युवाओं के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया है। कांग्रेस की सरकार ने ही छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढिय़ा अस्मिता, लोक-संस्कृति, खेल-परंपराओं को पुनर्जीवित करने का काम किया जिससे हमें अपने छत्तीसगढिय़ा होने पर गर्व महसूस हुआ है। भाजपा की सरकार ने सत्ता में आते ही किसानों और युवाओं के लिए हितकारी योजनाओं को न सिर्फ बंद कर दिया बल्कि इन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में भी कोई कार्य नहीं किया है। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों से महंत परिवार का काफी गहरा नाता है। यहां के लोगों ने हमेशा साथ दिया है और महंत परिवार भी सबके सुख-दुख में हमेशा साथ रहा है। सांसद द्वारा ग्राम जमनीपाली, कुरूडीह, बुढियापाली, सोहागपुर में जनसंपर्क दौरा के दौरान कांग्रेस का हाथ मजबूत करते हुए एक बार फिर समर्थन देने की अपील की गई।


कार्यक्रम को संबोधित करती ज्योत्सना महंत।

## होटल सेंटर पाईंट में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# बिगेस्ट ब्यूटी पिगमेंट कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिगेस्ट ब्यूटी पिगमेंट 2024 का आयोजन होटल सेंटर पॉइंट में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेशभर से आये प्रतिभागियों ने विभिन्न केटेगरी में हिस्सा लेते हुए अपना प्रदर्शन किया। डांसिंग और फैशन शो जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए।

**खास बात**
- डांसिंग और फैशन शो जैसे कार्यक्रम हुए थे आयोजित
- प्रदेश भर के प्रतिभागी हुए थे शामिल


विजेता प्रतिभागी को पुरस्कृत करते अतिथि।

कार्यक्रम मोहन सुंदरानी एवं छग के एक्टर और प्रोड्यूसर रिंकू रजा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के ज्यूरी में मिस राखी, मिस्टर अभिषेक, मिस्टर अमन शर्मा, मिस डिंपल एवं मिसेश अंशु गुप्ता एवं डांसिंग के लिए मिस्टर विनोद और मिस्टर शैलेंद्र का सहयोग रहा। शोस्टॉपर मिस सुनीता वैभव, मिस जिज्ञासा, मिस्टर रौनक थे। प्रतिभागियों ने अपने टेलंट से खिताब जीते। कार्यक्रम के अंत में परिणाम घोषित किए गए है जिसमें मिस केटेगरी में नैना गोस्वामी विजेता, आयुषी कश्यप फर्स्ट रनर अप, गरिमा महेश सेकंड रनर अप, मिस्टर केटेगरी डा पराज बंजारी विजेता, शिव राउत रनर अप, चिंतामणि साहू सेकंड रनर अप, मिसेज केटेगरी मिसेज रोशनी आइगल्ले विजेता, योगिता बघेल फर्स्ट रनर अप मिसेज पूनम दस सेकंड रनर अप किड्स केटेगरी अन्या गर्ग विजेता,सूर्याश दास रनर अप, ग्रुप डांस आइडल ग्रुप कोरबा प्रथम, मां शारदा ग्रुप बैकुंठपुर द्वितीय, सोलो डांस अरिएना घोष प्रथम, एम के मयंक अंबिकापुर द्वितीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम के आयोजक मिस्टर लक्ष्मी गर्ग और मिस्टर प्रशांत अग्रवाल, हनी अग्रवाल, लक्की गुप्ता और शो के डायरेक्टर मिस किरण और मैनेजमेंट में गौरव गर्ग, नैना उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में गंभीर सीएएफ जवान की मौत

**अम्बिकापुर।** दोस्त से मिलकर बाइक से सीएएफ कंपनी लौट रहा जवान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गया। जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल की नर्सरी में बेजाकब्जा करने वालों की लगी होड़

**कोरबा।** कुसमुंडा के सीएमपीडीआई कॉलोनी के पीछे एसईसीएल नर्सरी में बेजाकब्जा करने वाले की होड़ लगी हुई है। बेजाकब्जा करने वाले कोई जरूरतमंद नहीं है बल्कि जिनके पास पैसे की कोई कमी नहीं है।

जानकारी के अनुसार ऐसे खेल में एसईसीएल के कुछ अधिकारी भी उनका साथ देने से नही चूक रहे हैं। यही कारण है कि ऐसे बेजाकब्जा करने वालों पर कार्यवाही नही होती। उसके बदले में उनको संरक्षण दिया जाता है पैसे वाले लोग उन अधिकारियों को मोटी रकम जो मिलती है। वही कोई जरूरतमंद गरीब व्यक्ति अपने रहने के लिए झोपड़ी भी बनाने लगे तो उसको तोडऩे पूरा दस्ता सामने आ जाता है। एसईसीएल के स्थानीय मुख्यालय के पास सीएमपीडीआई के पीछे बेजाकब्जा का खुला खेल चल रहा है। आने वाले दिनों में सीएमपीडीआई जैसे स्थान में बेजाकब्जा करने वालो की आग लग जायेगी। उसके बाद ही विभाग में बेजाकब्जा हटाये जाने का अभियान चलाया जाएगा उसमे भी अपने चहेतों के मकान को छोडक़र ऐसे कब्जाधारियों पर कार्यवाही होगी जो चढ़ावा चढ़ाए बगैर ही मकान का निर्माण किये होंगे। ऐसे कई मिसाल कायम है कुसमुंडा क्षेत्र में ।फिलहाल ऐसे अधिकारियों के साथ ही साथ बेजाकब्जा करने वालो पर कोई कार्यवाही होगी कि नही ये आने वाले समय मे सामने आएगा।

### प्रियंका ने आईआईटी जेएएम की परीक्षा की उत्तीर्ण

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती



महाविद्यालय हरदीबाजार के बीएससी तृतीय वर्ष गणित में अध्यनरत छात्रा कु प्रियंका पत्रवानी पिता मेकराम पत्रवानी ने आईआईटी जेएएम परीक्षा में उत्तीर्ण करते हुए ऑल इंडिया 5664वीं रैंक प्राप्त की है। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एम के वर्मा ने बताया कि गणित विभाग हमेशा से अपने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शित करता रहा है और हाल ही में विभाग के विस्तार से प्राध्यापकों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे कि महाविद्यालय के विभाग में अध्यनरत छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

### चैत्र नवरात्रि पर श्रीराम जानकी मंदिर के समीप होगा 15 दिनों का मेला



**हरदीबाजार।** लीलागर नदी हरदीबाजार के तट पर श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में पहली बार 15 दिनों का मेला का आयोजन किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि 9 से 23 अप्रैल तक श्री हनुमान जयंती तक आयोजित किया गया है। मेला में आकर्षक झूला, टाकीज, मीनाबाजार सहित कई प्रकार के बाजार सजेगा। पूर्व विधायक बोधराम कंवर ने बताया नदी तट पर विराजमान श्रीराम जानकी मंदिर में अलग-अलग प्रकार की सत्संग गायन भजन का आयोजन भी किया गया है। प्रतिदिन प्रसाद वितरण किया जाएगा। मेला में परिवार के साथ अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेला का आनंद उठाने एवं श्रीराम जानकी मंदिर में पहुंचकर आशीर्वाद लेने के लिए व मेल को शांतिपूर्वक सफल बनाने अपील की है।

### रासेयो ने रैली निकाल कर किया मतदाताओं को जागरूक

**कोरबा।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा, प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में व मनोज कुमार चौबे जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोरबा होरीलाल पाटिले संकुल प्रमुख बोईदा,कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन में व शासन प्रशासन के निर्देशन में बोईदा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासन द्वारा आदेशित किया गया है।

## हथियारों की बेहतर साफ सफाई के दिए निर्देश

# आईजी ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी, दरबार लगाकर जवानों की समस्या का किया निदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अपने एकदिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे जहां उन्होंने पुलिस लाइन में वार्षिक निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। जिसमें उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक द्वारा किट परेड निरीक्षण किया गया, जिसमें सभी कर्मचारियों से उन्हें प्राप्त किट सामग्रियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

**खास बात**

- बेहतर प्रदर्शन करने वाले जवानों को नगद पुरस्कार से किया पुरस्कृत

बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ संजीव शुक्ला वार्षिक निरीक्षण के लिए शुक्रवार को कोरबा पहुंचे। जहां उन्होंने सुबह पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली जिसके उपरांत उनके द्वारा रक्षित केन्द्र के समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें वाहन शाखा एवं रक्षित केन्द्र के सभी वाहनों तथा दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिए हैं। इसके पश्चात स्टोर शाखा का निरीक्षण किये, जिसमें सभी सामग्रियों के रख-रखाव, सही समय पर वितरण के लिए निर्देश दिये। साथ ही आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा साफ सफाई के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री शुक्ला द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस महानिरीक्षक श्री शुक्ला जिला पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करने के लिए कार्यवाही का आश्वासन दिया। साथ ही दरबार में थाना व चौकी में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को थाना में आने वाले पीड़तिों की समस्याओं का उचित निराकरण एवं अच्छा व्यवहार करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान व श्रीमती नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रवींद्र मीणा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती प्रतिभा मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का, एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर तथा थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।



पुलिस लाईन में परेड की सलामी लेते आईजी डॉ.संजीव शुक्ला।



निरीक्षण करते आईजी श्री शुक्ला एवं अन्य।

**एसपी ऑफिस का भी किया**

पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर उनके शाखाओं के कार्यों की जानकारी ली गई। जिसमें सेवा पुस्तिका में आवश्यक प्रविष्टियों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति, लंबित पेंशन प्रकरणों, विभागीय भविष्य निधि, जिले में चल रहे निर्माण कार्यों, बजट की स्थिति, न्यायालय संबंधी प्रकरणों, निलंबित अधिकारी व कर्मचारियों तथा उनके अपील, अवकाश निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली तथा थाना व चौकी में पदस्थ कर्मचारियों से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा अनावश्यक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये गये।



# एनकेएच अस्पताल में तोड़फोड़, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जिसे लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने दो व्यक्ति के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबद्ध किया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलम विहार में संचालित न्यू कोरबा हॉस्पीटल के सिक्यूरिटी इंचार्ज प्रवीण तिवारी उम्र 38 वर्ष पिता टी आर तिवारी ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 मार्च को न्यू कोरबा हॉस्पीटल में मरीज सत्यनाराण पटेल की ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिससे नाराज होकर परिजन मुरारी पटेल, शंकर पटे और अन्य लोगो के द्वारा अस्पताल प्रबंधन पर झूठा एवं गलत आरोप लगाते हुये अस्पताल में उपस्थित कर्मचारियों दशरथ कर्ष (सुरक्षा गार्ड), स्निग्धा (स्टाफ नर्स) जानकी देवांगन (स्टाफ नर्स) एवं अस्पताल कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार अश्लील गालीगलोच करते हुये हाथापाई की और मारपीट किया गया उनके द्वारा अस्पताल के एसपीओ 2 प्रोब, चेस्ट लिड के साथ अन्य मशीनों, डोर ग्लास आदि को तोड़फोड़ कर लगभग 25 हजार रुपये का नुकसान पहुंचाया गया था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने तोड़फोड़ करने वाले मुरारी पटेल, शंकर पटेल व अन्य के खिलाफ पुलिस ने धारा 427, 294, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# होलाष्टक खत्म, अब शुरू होंगे मांगलिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होलाष्टक हटते ही अब शादियों का सीजन फिर से शुरू हो गया है। अप्रैल माह में जमकर शादियां होगी। इसके लिए बाजार भी सज-धजकर तैयार हो रहा है। इस बार शादी के लिए काफी कम मुहूर्त होने पर अप्रैल में एक ही लगन पर कई जोड़े फेरे लेंगे। इसके कारण घर वाले तैयारी में जुट गये हैं। शादी घर में टेंट, डीजे बाजा, कैटरर्स, सजावट करने वाले से लेकर सभी प्रकार के काम के लिए बुकिंग शुरू हो गई है। वहीं बाजार में भी शादी के लगन के सामान भी खूब बिक रहे हैं। आगामी अप्रैल माह में शादी के लिए तकरीबन 10 से अधिक दिन का शुभ मुहूर्त बताया गया है जिससे कि अप्रैल माह भर शादी की शहनाई गूंजती रहेगी। चूंकि अप्रैल माह में रामनवमी पड़ रहा है जो शादी के लिए अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। इस दिन सैकड़ों जोड़े शादी के परिणय बंधन में बंधेंगे। इसके लिए परिवारों की तैयारी शुरू हो गई है। बाजार में लग्न का सामान लेने तो कोई शादी के लिए वैवाहिक कपड़ों की खरीददारी कर रहे हैं तो कोई बेटी की शादी में घरेलु सामान जैसे टीवी, फ्रिज, कूलर, आलमारी, वाशिंग मशीन से लेकर अन्य प्रकार की सामानों की खरीदी कर रहे हैं। वही शादी के लिए खाना बनाने वाले, धुमाल, डीजे, मंगलभवन से लेकर न्योता देने का सिलसिला शुरू कर दिया है। विवाह में लग्न व पूजा के लिए लगने वाले सामान की पूछ परख अब भी हो रही है। इसमें सिंपुलिया, पर्रा, बिझना, दौना, मौर, टोकरी, सील-बट्टा की पूछपरख आज भी है। छिन पत्ते से बनने बाले मौर को आज भी खरीदी जाती है, क्योंकि विवाह इसके बिना अधूरा रहता है। कई लोग तो आज भी इस मौर को पहन कर पाणिग्रहण करते हैं।



फाइल फोटो

# पार्किंग के स्थान पर दुकानों के शेड और प्रचार सामाग्री


हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा के बस स्टैंड के व्यवसायियों द्वारा वाहन पार्किंग स्थल में ही अपने शेड बनाने और प्रचार सामाग्री लगा देने से आम लोगों को जहां व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर चौड़ी सड़क भी अब धीरे-धीरे सक्रिय होती जा रही है। पार्किंग स्थल में हो रहे कब्जे को लेकर नगर पालिका ने महज नोटिस देकर ही कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर दी, जिससे नए-नए अतिक्रमण बढ़ते जा रहे हैं।

कटघोरा नगर के न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। नगर पालिका परिषद ने क्षेत्र में व्यवसायिक परिसर बनाने के साथ बीते वर्षों में दुकानों का आवंटन किया गया था। परिषद को संबंधित लोगों से मासिक किराया प्राप्त हो रहा है और वह इसी से संतुष्ट है। अधिकारी और कर्मचारियों को इस बात से मतलब नहीं है कि दुकानों से छेड़छाड़ हो रही है और आसपास के क्षेत्र में गैरजरूरी दखल को बढ़ाने में ज्यादा रूचि ली जा रही है। इसके दुष्परिणाम अब सामने आ रहे हैं। दुकानदारों की ओर से काफी हिस्से में शेड निकालने और यहां-वहां सामान के साथ-साथ प्रचार सामाग्री रखे जाने से मुख्य मार्ग व बस स्टैंड क्षेत्र में आवागमन बाधित हो रहा है। जिसकी वजह से हर रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसे सामान्य करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। नगरवासियों द्वारा स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका के संज्ञान में लाया गया था जिस पर पिछले महीने ऐसे लोगों को नोटिस देने की कार्रवाई की गई थी और जल्द ही इसे हटाने के लिए कहा गया था। बाद में कटघोरा किसान मेला का हवाला देते हुए नोटिस पर की जाने वाली कार्रवाई की अवधि बढ़ा दी गई और अब मेला को समाप्त हुए काफी समय हो गया है, लेकिन नगर पालिका अब तक नींद से नहीं जागा है और लगातार नये अतिक्रमण बढ़ रहे हैं।

**खास बातें**

- कार्यवाही के नाम पर नगर पालिका ने नोटिस देकर की खानापूर्ति
- आम लोगों को वाहन खड़ा करने में आ रही दिक्कतें



पार्किंग स्थल में बनाए शेड एवं रखी गई सामाग्री।

**एनएच 130 बी के बायपास पर अतिक्रमण, अधिकारी नींद में**

नेशनल हाईवे संख्या 130 बी पर कटघोरा में ही चकचकवा बायपास पर किए गए अवैध कब्जा को हटाने की कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी हैं। अतिक्रमण के कारण दोनों तरफ से आने जाने वाले वाहनों को रास्ता साफ-साफ नहीं दिखता है और इसके चलते हादसे की आशंका बनी रहती है। बताया गया की मौके पर दो-तीन दुकान बनाने के साथ सरकारी जमीन को हड़प लिया गया है और समस्या बढ़ाई गई है। कई अवसर पर प्रशासन के अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया जा चुका है और यहां से हो रही परेशानी की जानकारी दी गई है। विधानसभा चुनाव के समय से यह मामला प्रशासन के अधिकारियों की जानकारी में है लेकिन अब तक मौके से अवैध कब्जा हटाने को लेकर दिलचस्पी नहीं लिया जाना समझ से परे हैं।

**जल्द करेंगे कार्रवाई**

नगर पालिका परिषद को इस बारे में अवगत कराया गया है। सीएमओ के अवकाश से लौटने पर इस मामले में संज्ञान लेने के साथ आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

**बीएस मंडावी, तहसीलदार कटघोरा**

### कार की ठोकर से इंटीरियर डिजाइनर की मौत

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत भीष्म कुमार वर्मा उर्फ शंटी 27 वर्ष की रायपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। गुरुवार की सुबह 4 बजे अज्ञात कार ने युवक की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। युवक के पिता हरिश्चंद्र वर्मा एसईसीएल गेवरा परियोजना में असिस्टेंट फोरमैन के पद पर पदस्थ हैं। दरअसल गृहग्राम चंदखुरी में मकान निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसे देखने वह रायपुर से चंद्रखुरी जा रहा था। तभी पीछे आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रायपुर विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत की है। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के जेब से आईडी कार्ड से उसकी पहचान भीष्म कुमार वर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। घर में युवा बेटे के निधन खबर मिलते हैं पूरे परिवार में मातम पसर गया।

# केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस आज करेगी विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने विपक्षी दलो का दमन किया जा रहा, विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करने साजिश किया जा रहा है। पिछले महीने फरवरी में राष्ट्रीय आम चुनाव की पूर्व संध्या पर प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास एक महीने से अधिक समय तक चला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को आईटी विभाग से 1823.08 करोड़ रूपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिला है। पहले ही आईटी विभाग ने कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिए हैं। लोकतंत्र पर इस गंभीर हमले और महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच कांग्रेस पार्टी पर कर आतंकवाद थोपे जाने के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 30 मार्च को बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से मशाल जुलूस के साथ विरोध प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान एवं सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि 30 मार्च को शाम 6 बजे टीपी चौक से सीएसईबी चौक तक मशाल यात्रा के साथ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, इंटक, ब्लॉक, जोन, वार्ड एवं बूथ कमेटी सहित कांग्रेस के समस्त जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है।

**खास बात**

- आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस को दिए गए 1823 करोड़ के नोटिस के विरोध में कांग्रेस उतरेगी सड़क पर




# इंडियन ऑयल व गैस डिपो के समीप जंगल में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर स्थित इंडियन ऑयल में उस समय हड़कंप मच गया जब इंडियन ऑयल और गैस डिपो के महज कुछ ही दूरी पर स्थित झाड़ियों में भीषण आग लग गई। जो देखते ही देखते तेजी से फैलने लगी। जिसके बाद लोगों में दहशत का माहौल हो गया। वहीं आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना दर्री थाना और अग्निशमन विभाग को दी जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने आनन-फानन में आग पर काबू पाया। वहीं मौके पर पहुंचे दर्री थाना के सिपाही ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी की इंडियन ऑयल स्थित झाड़ियों में भीषण आग लगी हुई है जिसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम को सूचना दी गई मौके पर पहुंचा कर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि अगर यह आग डिपो तक पहुंच जाती है तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।







